शराब के नशे में किराएदार ने चाकू से गोदकर की दादी-पोते की हत्या

सांगानेर इलाके में सोमवार देर शाम हुई 'डबल मर्डर' की वारदात

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सांगानेर थाना इलाके में सोमवार देर शाम शराब के नशे में एक किराएदार ने धारदार हथियार से दादी-पोते की हत्या कर दी। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि हत्या के बाद आरोपी मौके से भागने लगा तो स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर सबूत जुटाने के लिए मौके पर फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम को बुलाया है। साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। जो घटना के समय घर पर नहीं थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि घटना सांगानेर थाना इलाके के रघुनाथपुरी की है। जहा सोमवार देर शाम किराएदार मनोज बैरवा ने मकान मालकिन प्रेम देवी (55) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस दौरान प्रेम देवी का पोता गौरव (7) वहीं मौजूद था। दादी को मारने पर वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा तो आरोपी मनोज बैरवा ने उसकी भी हत्या कर दी। इसके बाद दोनों के शव घर में बने पानी के टैंक में डाल भागने लगा तो स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित मनोज बैरवा सोमवार दोपहर में शराब पीकर घर आया था।

सांगानेर इलाके में सोमवार को डबल मर्डर की वारदात के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

- **दोनों शव घर में बने पानी के टैंक में डालकर आरोपी भागने लगा तो स्थानीय लोगों ने पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया**

प्रेम देवी से उसका आए दिन झगड़ा होता रहता था और सोमवार दोपहर को भी उसका झगड़ा हुआ। इस पर उसने गुस्से में आकर प्रेम देवी की हत्या कर दी। पोते गौरव ने दादी को मारते देखा तो जोर-जोर से चिल्लाने लगा। इस पर उसने गौरव को पकड़ा और चाकू से गोदकर उसको भी मार डाला। उसने शवों को छुपाने के लिए पानी के टैंक में डालता, इससे पहले ही लोगों ने देख लिया। जिसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वारदात के दौरान घर के अन्य लोग घर पर नहीं थे। जिन्हे सूचना दे दी गई है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

दिल्ली और जयपुर में भेजे ई-मेल में रूस के सर्वर का इस्तेमाल

जयपुर। पुलिस जयपुर शहर के 68 स्कूलों को मिले बम धमाकों के ई-मेल की भाषा की जांच में जुटी है। इसके साथ ही एक दिन पहले जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी और कुछ दिन पहले दिल्ली में स्कूलों को उड़ाने के भेजे गए ई-मेल की शब्दावली की भी जांच कर रही है।

पुलिस अभी इस बारे में अधिकारिक रूप से कुछ नहीं कह पा रही है। लेकिन माना जा रहा है कि दिल्ली और जयपुर की घटनाओं के पीछे कोई एक संगठन या गिरोह हो सकता है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों ही जगह भेजे गई ई-मेल में रूस के सर्वर का इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली के स्कूलों को और जयपुर के स्कूलों को रशियन सर्वर से ई-मेल भेजा गया है। दिल्ली में 1 मई को 200 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया था।

- **साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट का कहना है कि वीपीएन से लोकेशन छिपाने के कारण ऐसे आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बच जाते हैं। वीपीएन के जरिए आरोपी अपनी लोकेशन चेंज कर लेते है।**
- **मामले में सीबीआई और इंटरपोल की मदद लेनी चाहिए।**

साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट का कहना है कि वीपीएन से लोकेशन छिपाने के कारण ऐसे आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बच जाते हैं। वीपीएन के जरिए कोई भी अपनी लोकेशन चेंज कर सकता है। ऐसे में ई-मेल रिसीवर को लगता है कि ई-मेल भेजने वाला किसी दूसरे देश में हैं। अपराधी अपनी लोकेशन हाइड करने के लिए दूसरे देशों का वीपीएन यूज करते हैं। जैसे जयपुर और दिल्ली दोनों केस में रूसी सर्वर से ई-मेल भेजना बताया जा रहा है। एक्सपर्ट का कहना है कि मामले में सीबीआई और इंटरपोल की मदद लेनी चाहिए। किसी थाना स्तर की पुलिस ऐसे आरोपियों तक नहीं पहुंच सकती है। वीपीएन का उपयोग करने पर पुलिस को सीबीआई और इंटरपोल की मदद लेनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि इनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, लेकिन जांच केवल थाना स्तर पर छोड़ दी जाती है। जबकि एजेंसी की मदद लेने के लिए पुलिस को हायर लेवल पर काम करने की जरूरत है।

स्तन कैंसर से पीड़ित दो महिला मरीजों का रोबोट-एसिस्टेड सर्जरी से सफल उपचार

नई दिल्ली/जयपुर (का.सं.)। मेडिकल फील्ड में हुई प्रगति का परिचय देते हुए, सीके बिड़ला हॉस्पीटल, दिल्ली ने जटिल और एडवांस ब्रैस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिला मरीजों का रोबोटिक-एसिस्टेड ब्रैस्ट प्रीज़र्वेशन सर्जरी की मदद से सफल उपचार किया है। भारत में यह दुर्लभ किस्म की सर्जरी हुई है जहाँ कैंसर मरीजों के स्तनों और निप्पल सेंसेशन को सुरक्षित रखने के लिए इस अनूठी तकनीक की मदद ली गई। डॉ.मनदीप सिंह मलहोत्रा, डायरेक्टर ऑफ सर्जिकल ओंकोलॉजी, सीके बिड़ला हॉस्पीटल, दिल्ली ने दा-विंची रोबोट की मदद से मिनीमली इनवेसिव सर्जिकल तकनीक रोबोट-एसिस्टेड फंक्शन ब्रैस्ट प्रीज़र्वेशन सर्जरी को अंजाम दिया।

इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती 27 वर्षीय महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ महसूस हुई थी। लेकिन वह अपनी तकलीफ को इग्नोर करती रही और उन लक्षणों की भी अनदेखा करती रहीं थीं, जो प्रेग्नेंसी और स्तनपान के दौरान स्तन में बदलाव के रूप में सामने आते हैं। इस बीच, उनका स्तन कैंसर धीरे-धीरे बढ़कर एडवांस स्टेज में पहुंच गया। इस महिला को नियो एडजुवेंट कीमोथेरेपी दी गई, जो ट्यूमर के ऑप्टिमल रिमूवल में मददगार होती है, और साथ ही, टार्गेटेड मेडिसन भी दी गई। मरीज ने इस इलाज पर अच्छा रिस्पॉन्स दिखाया। साथ ही, बिना किसी जटिलता के भी की गई और सर्जरी के बाद मरीज ने तेजी से रिकवरी की। हालांकि शुरुआत में मरीज कैंसर के चलते अपने स्तनों को हटाए जाने को लेकर चिंतित थीं, लेकिन न सिर्फ ब्रैस्ट प्रीज़र्व कीं बल्क उनके मूल स्तनों की ही तरह उनकी उपयोगिता, संवेदना (सेंसेशन) को भी बरकरार रखा।

डॉ.मनदीप सिंह मलहोत्रा

- **भारत में यह दुर्लभ किस्म की सर्जरी हुई है जहाँ कैंसर को निकालने के लिए रोबोट की सहायता से सर्जरी की गई**

दूसरे मामले में, लगभग साठ साल की एक महिला में शुरुआती स्टेज का ब्रैस्ट कैंसर डायग्नॉज़ हुआ था लेकिन उनका कैंसर मल्टीफोकल था यानि 3 ब्रैस्ट लंप्स (स्तन में गांठें) थे। मरीज अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से काफी परेशान थीं और उन्हें सर्जरी के बाद अपने गिरते स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता बढ़ी हुई थी। मरीज को तत्काल सर्जिकल इंटरवेंशन की जरूरत थी, जिसके चलते उनकी की गई। इस सर्जरी में रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया और साथ ही, पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से ब्रैस्ट रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया, और ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मैमरी इंसाइज़न से ही पूरी की गईं। इस सर्जरी के बाद, मरीज स्वास्थ्य लाभ कर रही हैं और हैल्दी तथा खुशहाल जीवन बिता रही हैं।

डॉ मलहोत्रा, डायरेक्टर ऑफ सर्जिकल ओंकोलॉजी, सीके बिड़ला हॉस्पीटल, दिल्ली ने बताया, यह दुर्लभ किस्म की सर्जरी, जिसे रोबोट-एसिस्टेड फंक्शनल ब्रैस्ट प्रीज़र्वेशन सर्जरी कहा जाता है, हमारे अस्पताल में की गई है जिसमें लैटिसिमस फ्लैप रीकंस्ट्रक्शन का इस्तेमाल हुआ है। इस सर्जरी में अधिक सटीक विजुअलाइज़ेशन का लाभ मिलता है और चीरों का साइज़ भी काफी कम होता है। इस तरह की सर्जरी में, रोबोट को कांख से स्तन में डाला जाता है जो टिश्यू को हटाकर ब्रैस्ट रीकंस्ट्रक्ट करता है, इस प्रक्रिया में ब्रैस्ट स्किन और निप्पल दोनों का बचाव होता है, और यदि संभव हुआ तो, ब्रैस्ट सेंसेशन को भी सुरक्षित किया जाता है।

एफिकॉन कीटनाशक लांच किया

जयपुर। छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40 फीसदी तक भारी नुकसान पहुँचता है। अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं। एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है।

अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाजाइन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है, जिससे यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है।

पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था। भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल पंजाब के चुनावी दौरे पर

होशियारपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद की ऐसी कमर तोड़ी है कि, सभी आतंकवादी लापता हो गए हैं। वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी घटनाएं आम बात थीं। ट्रेन और बस में सफर करने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने से पहले आम आदमी 10 बार सोचता था। लेकिन आज कोई भी आतंकवादी और नक्सलवादी देश में आतंक फैलाने का दुस्साहस नहीं कर सकता, यही मोदी की गारंटी है।

शर्मा सोमवार को पंजाब के होशियारपुर में भाजपा प्रत्याशी अनीता सोमप्रकाश के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण, सीमा-सुरक्षा, आर्थिक विकास और देश को आतंकवाद एवं नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में परिवर्तनकारी निर्णय लिए गए हैं। जबकि, कांग्रेस ने देश को केवल भ्रष्टाचार का दंश ही दिया है। कांग्रेस ने अपने कुशासन के पंजे से हमेशा गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को कुचला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुर्नस्थापित करने का अभूतपूर्व काम किया है। करतारपुरा कॉरिडोर, बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, केदारनाथ व बद्रीनाथ मंदिर के विकास कार्य और अयोध्या में राममंदिर के निर्माण से भारतीय संस्कृति को एक नई गति मिली है। वहीं कांग्रेस गठबंधन ने सदैव श्री राम मंदिर का विरोध करने का पाप किया है। उन्होंने कहा कि "जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं", इस बात को ध्यान में रखकर जनता मोदी जी को प्रचण्ड बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

शर्मा ने कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 11 एवं 13 मई 1998 को राजस्थान के पोकरण में परमाणु बम का परीक्षण कर भारत को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र बनाया था। तब कई बड़े देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। लेकिन वाजपेयी डिगे नहीं और ना ही किसी दबाव में आए, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा सदैव राष्ट्र को मजबूत करने की रही है। इसके लिए चाहे कितनी भी बड़ी कीमत चुकानी पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने भ्रष्टाचार करके गरीब और किसानों को लूटने का काम किया है। कांग्रेस तो स्वयं स्वीकार करती थी कि उसकी सरकार एक रूपया भेजती थी, उसमें से गरीब तक केवल 15 पैसे ही पहुंचता थे। लेकिन प्रधानमंत्रीमोदी के नेतृत्व में परिस्थितियां पूरी तरह से बदल गई हैं। आज गरीब का पैसा गरीब के पास पूरी ईमानदारी से पहुंच रहा है। मोदी जी 100 रुपये भेजते हैं तो पूरे 100 रूपये ही गरीब के खाते में जाते हैं।शर्मा ने होशियारपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनीता सोमप्रकाश को भारी मतों से विजयी बनाने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के दौरे के बाद अब पंजाब-हरियाणा के चुनावी दौरे पर हैं। तीन राज्यों के दौरे के बाद वे रविवार रात 2 बजे जयपुर पहुंचे। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक जरूरी सरकारी कार्य किए, इसके बाद शर्मा पंजाब के लिए रवाना हो गये।

- **मु.मंत्री भजनलाल ने होशियारपुर में भाजपा प्रत्याशी अनीता सोमप्रकाश के लिये सभा की**
- **मुख्यमंत्री इन दिनों अतिव्यस्त चुनावी दौरे पर हैं। रविवार रात वे आंध्र, तेलंगाना व महाराष्ट्र के दौरे से लौटे थे तथा सुबह 8 से 10 बजे तक आवश्यक सरकारी कार्य कर पंजाब दौरे पर रवाना हो गये**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दस वर्षों के शासन काल ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। सभी आतंकवादी भाग गये हैं**

विधानसभाध्यक्ष देवनानी आज अयोध्या जायेंगे

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को अयोध्या जायेंगे। देवनानी मंगलवार को सांय परिवारजन सहित सरयू नदी पर दीप प्रज्जवलन कर आरती करेंगे।

देवनानी अयोध्या में बुधवार को प्रातः राम मंदिर, हनुमानगढ़ी औरऔर कनक महल के दर्शन और पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी मंगलवार को दोपहर में जयपुर से वायुयान द्वारा लखनऊ जायेंगे, जहां से वे सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचेंगे। देवनानी का बुधवार रात्रि को जयपुर वापिस आने का कार्यक्रम है।

पूर्व जेडीए कमिश्नर के खिलाफ जमानती वारंट दायर करने के मामले में रोक लगाई

जयपुर, (का.सं.)। प्रदेश के उपभोक्ता विभाग निवारण आयोग द्वारा पूर्व जेडीए कमिश्नर रवि जैन के खिलाफ जमानती वारंट दायर करने के मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस मामले पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अनूप कुमार ढंढ ने आदेश पारित किये हैं कि उक्त वारंट पर अंतरिम रोक लगाई जाये।

मामले के तथ्यों के अनुसार जेडीए द्वारा काटी गई एक कॉलोनी में राजीव चौधरी नामक व्यक्ति को प्लॉट अलॉट किया गया। परंतु उक्त भूमि को जेडीए द्वारा विकसित नहीं किया गया था। इसके खिलाफ रवि चौधरी ने प्रदेश के उपभोक्ता विभाग निवारण आयोग में शिकायत दर्ज की। उक्त मामले की अपील राष्ट्रीय उपभोक्ता विभाग निवारण आयोग में भी की गई थी। तब राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने आदेश दिये थे कि जेडीए उक्त मामले में याचिकाकर्ता को उसके द्वारा स्कीम में पट्टा आवंटन कराने के लिये दी गई पूरी राशि ब्याज सहित लौटाये। याचिकाकर्ता ने इस आदेश की क्रियान्विति के लिये पुनः प्रदेश के उपभोक्ता आयोग में क्रियान्विति याचिका (एक्जीक्यूशन पिटीशन) दायर की। जिसके चलते जेडीए ने ब्याज सहित पूरी 72,60,892 रुपये याचिकाकर्ता को दिये, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने अपना मामला वापस ले लिया। परंतु कुछ ही दिन बाद याचिकाकर्ता ने पुनः एक्जीक्यूशन पिटीशन दायर की कि उसे जेडीए से 19 लाख अतिरिक्त रुपये लेने हैं, जिस पर आयोग ने जेडीए को पुनः नोटिस जारी किये। जेडीए की ओर से उक्त मामले में दूसरी एक्जीक्यूशन पिटीशन को रद्द करने के लिये कई बार आवेदन दायर किया गया और अदालत को बताने की कोशिश की कि याचिकाकर्ता ने पूरी राशि प्राप्त करने के बाद ही अपनी प्रथम एक्जीक्यूशन पिटीशन वापिस ली थी। परंतु अदालत ने बिना किसी कारणवश तत्कालीन जेडीए कमिश्नर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किये थे जिसके खिलाफ जेडीए ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी और इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने जमानती वारंट पर अंतरिम रोक लगाई और याचिकाकर्ता को 19 लाख रुपये अतिरिक्त राशि देने पर भी रोक लगाई है।

सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 16 को

जयपुर। सेवा भारती समिति, जयपुर का 13वां श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में 16 मई को होगा। सेवा भारती समिति,राजस्थान के मंत्री गिरधारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आदर्श विद्या मंदिर में बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को दायित्वों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 समाजों के 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसमें 38 सजातीय और सात जोड़े अंतरजातीय है। विवाह स्थल पर आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अडानी-अंबानी से रुपए लेने के बयान को लेकर याचिका पेश

जयपुर, (का.सं.)। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से तेलंगाना में भाषण देने के दौरान कांग्रेस की ओर से अडानी और अंबानी से रुपए लेने के बयान को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है। पूनम चंद भंडारी की ओर से दायर इस याचिका पर हाईकोर्ट आगामी दिनों में सुनवाई करेगा। याचिका में गृह मंत्रालय, निर्वाचन आयोग, सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया कि गत 8 मई को पीएम नरेंद्र मोदी ने भाषण के दौरान कांग्रेस पर आरोप लगाया था। याचिका में कहा गया कि पीएम मोदी ने भाषण के दौरान कहा कि कांग्रेस पांच साल अडानी, अंबानी का नाम लेती रही है, लेकिन अब उनका नाम लेना बंद कर दिया है। शहजादे घोषित करें कि चुनाव में अंबानी, अडानी से कितना माल उठाया है। टैंपो भरकर नोट कांग्रेस के पास पहुंचे हैं क्या? आपने रातों रात अंबानी, अडानी को गाली देना बंद कर दिया है। जरूर दाल में कुछ काला है। इनको रातों रात गालियां देना बंद हुआ है, मतलब कोई न कोई चोरी का माल टैंपो भर-भर कर आपने पाया है।

राजस्थान वि.वि.ने जयपुर बम ब्लास्ट के 40 पीड़ितों के आश्रितों को निःशुल्क उच्च शिक्षा दी

जयपुर। 13 मई 2008 जयपुर के इतिहास में ब्लैक ट्यूसडे के नाम से जाना जाता है। इस दिन जयपुर में सीरियल बम ब्लास्ट के रूप में हुई आतंकवादी घटना ने जयपुर वासियों को झकझोर कर रख दिया। इस आतंकवादी घटना ने लगभग सैंकड़ों के करीब निर्दोष लोगों की जानें तो लीं हीं, साथ ही भारी संख्या में लोगों के शरीर पर ऐसे गंभीर जख्म दिए जिनका सामना ये आज तक कर रहे हैं, हालांकि राज्य सरकार द्वारा इन पीडितों को एक निर्धारित आर्थिक सहायता तो प्रदान की गई लेकिन राजस्थान विश्वविद्यालय ने अपनी एक अभिनव पहल के माध्यम से इन पीडितों के आश्रितों को विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की न्यूनतम योग्यता के आधार पर ही प्रवेश देकर इन छात्रों से इनके विश्वविद्यालय में अध्ययन समाप्ति तक किसी भी तरह का शुल्क न लेकर इन्हे उच्च शिक्षा से दक्ष करने का जो बीड़ा उठाया उससे इन पीड़ित परिवारों का जीवन ही बदल गया है।

राजस्थान विश्वविद्यालय ने अपनी इस अभिनव पहल योजना के माध्यम से पूरे राष्ट्र के समक्ष आतंकवादी घटनाओं के प्रभाव को उच्च शिक्षा के माध्यम से दूर करने की यह पहल पूरे भारत वर्ष में चर्चा का विषय रही।

श्रीहनुमन्त कथा पोस्टर का विमोचन

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को विधानसभा में श्री हनुमन्त कथा के पोस्टर का विमोचन किया। देवनानी ने 30 मई से 1 जून तक की जाने वाली श्री हनुमन्त कथा और श्री राम महायज्ञ के लिए शुभकामनाएं दी।

भीषण गर्मी में वाहन चालकों को बहुत गुस्सा आता है जब रेड सिग्नल मिल जाये व उनको वहाँ धूप में गाड़ियों के बीच रुकना पड़ता है, वाहन चालकों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए रामबाग चौराहे पर सिग्नल होने पर अब छाया में खड़ा रहना पड़ता है क्योंकि वहाँ ग्रीन हाउस की तरह ग्रीन टेंट लगा दिये गए हैं।

चौथे की बैठक

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री अशोक नांगिया जी** का स्वर्गवास हो गया है। चौथे की बैठक 14.05.2024 को दोपहर 3 से 4 बजे श्री सिद्धेश्वर मन्दिर, पंचवटी सर्किल, राजापार्क, जयपुर में होगी।
शोकाकुल- श्रीमती उषा नांगिया (पत्नी), विनीत (पुत्र), मुकुल-भावना (पुत्र-पुत्रवधू) एवं समस्त नांगिया परिवार।
मो. 9712679234, 9174712245

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री मोहनलाल जी गोयल का 29 फरवरी 2024 को आक्समिक निधन हो जाने के उपरांत में उनके नाम से वाहन संख्या RJ 32 CA 8519 निशा अग्रवाल पत्नी स्व. मोहन लाल गोयल के नाम से करवाना चाहती हूँ। किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में आरटीओ ऑफिस कोटपूतली में आपत्ति दर्ज करायें।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सुरेश चन्द सोनी पुत्र श्री कजोडमल सोनी, आयु 54 वर्ष, निवासी 12-ए, एच वी एन स्कूल, गुलाब विहार, नांगल जैसा बोहरा, झोटवाड़ा, जयपुर का पुत्र विश्वास सोनी आयु 25 वर्ष तथा उसकी पत्नी, दीप्ति सोनी जो अन्यत्र रह रहे है, मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है उनका व्यवहार मेरे अभिभाष्य के प्रति उपेक्षित है। मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र विश्वास सोनी व उसकी पत्नी दीप्ति सोनी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति, जीवन संव्यवहार से बेदखल कर दिया है। विश्वास सोनी व उसकी पत्नी दीप्ति सोनी से यदि कोई व्यक्ति, लेनदेन, संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
दिनांक- 13.05.2024 (राजेन्द्र कुमार पीपलीवाल) एडवोकेट, मो. 9414274957

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान जयगोपाल शर्मा पुत्र स्व. श्री भगवान सहाय शर्मा एवं अंजना शर्मा पत्नि जयगोपाल शर्मा निवासीगण 250, महात्मा गांधी नगर, डी.सी.एम., अजमेर रोड, जयपुर का पुत्र अक्षत शर्मा व पुत्रवधु प्रियांशी शर्मा मेरे मुवक्किलान के कहने में नहीं है। इसलिये मेरे मुवक्किलान ने अपने पुत्र व पुत्रवधु अक्षत शर्मा व पुत्रवधु प्रियांशी शर्मा की अपने उक्त मकान के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित एक कमरे दक्षिणमुखी में रहने की इजाजत को समाप्त कर दिया व उनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसलिये मेरे मुवक्किलान अपने पुत्र व पुत्रवधु के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है। सूचित रहे।
(मोहम्मद रूकमुद्दीन एडवोकेट) मो. 6350196113

आम सूचना :- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्लैट संख्या 301, जिसका बिल्डर एरिया 1050 वर्गफुट है जो कि प्लॉट संख्या 191, मध्य हिस्सा जयपुर नगर चौकडी हवाली शहर, राम गली संख्या 1, राजापार्क, जयपुर के तृतीय तल पर स्थित है, जिसको खरीदने के लिए मेरे अभिभाष्य डॉक्टर चंद्रशेखर जोशी, सी-22, भगत सिंह मार्ग, तिलक नगर, जयपुर द्वारा एक इकरारनामा उक्त सम्पति के मुख्त्यारनामा धारक श्री विजेन्द्र डोडा पुत्र श्री देवीदता राम डोडा के साथ किया गया है अतः किसी भी व्यक्ति संस्था अथवा अन्य हितधारक को किसी भी प्रकार की आपति हो तो 7 दिवस के मध्य लिखित आपति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपति पर विचार नहीं किया जावेगा एवं मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त संपति को अविवादित मानकर खरीद कर लिया जावेगा।
नरेन्द्र कुमार पारीक एडवोकेट - 9602750700

आम सूचना दि. 13.05.2024 सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री मोहन लाल खत्री पुत्र स्व. श्री तोलाराम खत्री, एवं श्रीमती भगवती देवी पत्नि मोहन लाल खत्री निवासीगण 9 देवनगर, गुर्जरों की तलाई, मुहाना मोड, सांगानेर जयपुर अपने पुत्र जितेन्द्र खत्री एवं पुत्रवधू श्रीमती गीता खत्री जो कि मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही है इन्हे पूर्व में भी मेरे अभिभाष्यगण द्वारा हिदायतें दी गई थी, इन दोनों का व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति अच्छा नही है, इन दोनों द्वारा मेरे अभिभाष्यगण की सेवा सुश्रूषा भी नही की जा रही है। इस कारण मेरे अभिभाष्यगण पूर्व हिदायतों का पालन नही किये जाने से अपने पुत्र जितेन्द्र खत्री, पुत्रवधू गीता खत्री को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। सूचित रहे।
भवदीय मनीष स्वामी (एडवोकेट)
राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर, मो. 7737690012

खोया पाया

मेरे प्लाट नं. 46 उषा कॉलोनी मालवीय नगर जयपुर का ऑरिजनल साईट प्लान और पावर ऑफ अटॉर्नी (प्रेम प्रकाश दुसाद ने मुकेश शर्मा को की) जयपुर में कहीं खो गई है सूचित करें- शशि प्रभा टंडन मो-7568164746

प्लॉट नम्बर 43, अम्बेडकर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. रजिस्ट्रेशन नम्बर 2826/एल सैयद नगर नाई की थडी रामगढरोड जयपुर का असल आवंटन पत्र, रसीद, नक्शा मुजम्मिला परवीन पत्नी शकील अहमद के नाम से था, मेरे से खो गया, मिलने पर सूचित करें। जकिया बानो- 9024469859

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री मोहनलाल जी गोयल का 29 फरवरी 2024 को आक्समिक निधन हो जाने के उपरांत में उनके नाम से वाहन संख्या RJ 32 CA 8519 निशा अग्रवाल पत्नी स्व. मोहन लाल गोयल के नाम से करवाना चाहती हूँ। किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में आरटीओ ऑफिस कोटपूतली में आपत्ति दर्ज करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र निरंजन लाल द्वारा खसरा नंबर 19 ग्राम झालाना चोड तहसील सांगानेर जयपुर के संबंध में दिनांक 31 दिसम्बर 2022 से पूर्व सभी प्रकार के निष्पादित जनरल मुख्तारनामा, विशेष मुख्तारनामा व अन्य किसी भी प्रकार के मुख्तियारनामा तुरंत प्रभाव से निरस्त किए जाते हैं। राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र निरंजन लाल द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति से लिखित में किया गया कानूनी व्यवहार एवं एग्रीमेंट अवैध, निरस्त और अविधिमान्य होगा।
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र निरंजन लाल
मस्जिद के पास, पावटा, जिला कोटपूतली बहरोड

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री प्रभु नारायण रेगर पुत्र श्री गणेश नारायण रेगर, निवासी ई/84, फेस-3, झालाना डूंगरी, जवाहर नगर, जयपुर, राज. की पुत्री शिवानी कुमारी उनके कहे में नहीं है तथा आए दिन उनसे लडाई झगडा व दुर्व्यवहार करती है इसलिए मेरे अभिभाष्य उन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता है तथा इनसे अपने सारे संबंध समाप्त करता है भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, संस्थाएं इनसे किसी प्रकार का कोई लेन-देन या संव्यवहार करता है तो इसकी कोई जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य व अन्य परिजनों की नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर (विजय कुमार बिलोनिया) एडवोकेट, मो.9887540551

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम चारू राजीव तिवारी से बदलकर चारू तिवारी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-185/213 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

मैंने अपना नाम मंजू देवी खण्डेलवाल से बदलकर मंजू खण्डेलवाल पत्नी श्री सुरेन्द्र खण्डेलवाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। निवासी-प्लाट नं. 9, बाल निकुंज, दौलत विहार, अम्बाबाडी, जयपुर

मैं साधना गोयल पत्नी श्री राजेन्द्र गोयल निवासी बी-361 जनता कॉलोनी, जयपुर। मैंने अपना नाम साधना गुप्ता से बदलकर साधना गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे साधना गोयल के नाम से जाना जाये।

मैंने मेरा नाम कैलाश कुमार से बदलकर कैलाश कुमार सांखला रख लिया है। मुख्य अभियंता कार्यालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर।

I Mohammed Dilfaraz Ansari